Title: Need to provide more railway facilities at Siwan, Bihar-laid.

मोहम्मद शहाबुद्दीन (सीवान): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान सद्भावना एक्सप्रेस, सावरमती एक्सप्रेस, सरयु यमुना एक्सप्रेस तथा टाटा गोरखपुर एक्सप्रेस **(** अब छपरा-टाटा एक्सप्रेस **)** गाड़ियों की ओर दिलाना चाहता हूं जो कि पहले वाया सीवान होकर चलती थी लेकिन अब इन गाड़ियों का रूट बदल कर छपरा बलिया होकर चलाये जाने के कारण सीवान के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसे पुनः सीवान होकर चलाया जाना आवश्यक है। दूसरे सीवान स्टेशन पर यात्रियों की संख्या को मद्देनजर रखते हुए आरक्षण काउंटरों की जो वर्तमान संख्या है, उससे यात्रियों को आरक्षण करवाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतः अतिरिक्त आरक्षण काउंटरों की संख्या में बढ़ोत्तरी वांछित है। तीसरे, सीवान स्टेशन को एक आदर्श स्टेशन का दर्जा न दिये जाने के कारण द्वितीय श्रेणी के यात्रियों को अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चौथे, सीवान स्टेशन में सरकुलेटिंग क्षेत्र की चारदीवारी का निर्माण इसके सौंदर्यीकरण परिसर में यात्री निवास के निर्माण के साथ साथ साईकिल एवं मोटर साईकिल/स्कूटर स्टैंड की स्थायी व्यवस्था, मोलगोदाम पर शेड के न होने, प्रतीक्षारत व्यवसायियों के लिए प्रतीक्षालय न होने एवं कुलियों के लिए आवास व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सीवान स्टेशन पर यात्रियों की संख्या को मद्देनजर रखते हुए टिकट खिड़की पर भीड़ को कम करने के लिए महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं जन-प्रतिनिधियों के लिए अलग अलग टिकट खिड़की की व्यवस्था की जाए।